

## एक नजर में

### डॉक्टर की अनुपस्थिति पर कमिश्नर ने जताई नाराजगी

**सिवनीमालवा.** कमिश्नर श्री तिवारी ने बाबडिया भाऊ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक साफ सफाई न होने पर सख्त नाराज़गी जाहिर की और कहां की गत निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के बाहर आवश्यक सफाई रखने के निर्देश दिए थे जिसका पालन नहीं किया गया। साथ ही 10 से 12 ओपीडी प्रतिदिन रहने पर भी कमिश्नर ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ओपीडी की संख्या बढ़ाई जाए। निरीक्षण के दौरान पदस्थ डॉक्टर शुभम मेहतो अनुपस्थित पाए गए जिस पर कमिश्नर ने सख्त नाराज़गी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान केवल नर्स गौरा परते एवं थर्मोसिस्ट लोकेश उपस्थित थे। वहीं 9 फरवरी 2024 के पश्चात जिला एवं खंड स्तरीय चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण नहीं किया गया। इस पर भी सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कमिश्नर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गहलोत को निर्देश दिए की उपरोक्त स्थिति में संबंधित दायित्वों का निर्वहन करते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी एवं पदस्थ चिकित्सक के विरूध अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सुधार हेतु आवश्यक प्रभावी कार्रवाई करें।

### जमीनी विवाद में एक मृत

**बनखेड़ी।** थाना बनखेड़ी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम डोलनी में मंगलवार रात जमीनी विवाद ने एक बुजुर्ग की जान ले ली। जानकारी के अनुसार, दिनांक 29 अक्टूबर 2025 को गांव में मड़ई कार्यक्रम समाप्त होने के बाद मुन्ना यादव और हरिप्रसाद यादव (उम्र 70 वर्ष), जिनके बीच पुराना जमीनी विवाद चल रहा था, के बीच नशे की हालत में झगड़ा हो गया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बुजुर्ग की सुबह उनकी मृत्यु हो गई।

# जनसुनवाई पहुंची क्रिकेट के चयन की शिकायत

## सिवनीमालवा एवं नर्मदापुरम के विकासखंड से पहुंचे थे खिलाड़ी



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 29 अक्टूबर,** नर्मदापुरम जिले में क्रिकेट खेल को लेकर हमेशा चर्चाओं में रहता है, चाहे वह स्कूल स्तर पर हो या फिर बडे स्तर पर. क्रिकेट के खेल में जो लोग भी सम्मिलित रहते हैं वे स्वयं ऐसा काम करते हैं कि, क्रिकेट खेल से ज्यादा उनकी चर्चाएं अधिक होती हैं. ऐसा ही एक मामला जिला कलेक्टर की मंगलवार को जनसुनवाई में प्रस्तुत हुआ. जिसमें डॉक्टर सीमा कैथवास ने कहा है कि संभागीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता जो बैतूल में 24 एवं 25 अक्टूबर 2025 को आयोजित की गई थी, जिसमें नर्मदापुरम जिले की शालेय क्रिकेट टीम में 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया ,जिसकी सूची जिला क्रीड़ा अधिकारी,जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा जारी की गई थी।

मामला यहीं से नया मोड़ ले लेता है जहां सूची जारी जिला अधिकारियों के सामने होती है जिसमें एक भी शासकीय स्कूल के खिलाड़ियों का चयन नहीं किया गया,जबकि जिले में संचालित सभी शासकीय स्कूलों में संविदा पर खेल प्रशिक्षक नियुक्त किए जाते हैं,उसके बावजूद क्या अबतक एक भी शासकीय शाला में कोई क्रिकेट का खिलाड़ी तैयार नहीं हो पाया है या फिर प्राइवेट संस्थानों के सेटलमेंट का मामला है। चयन सूची में नर्मदापुरम के ही निजी स्कूलों के 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया है,नर्मदापुरम विकासखंड की सूची में 16 प्लेइंग खिलाड़ियों के अलावा चार अतिरिक्त खिलाड़ियों का चयन किया गया था, जिसमें नियमित ग्राउंड पर प्रेक्टिस करने वाले स्कूली छात्रों को दरकिनार कर दिया गया,जो यह दर्शाता है कि कितना बड़ा झोलझाल किया गया है। जिलाधीश को निम्न बिंदुओं पर जांच का निवेदन किया है,जिसमें सर्वप्रथम जिला स्तरीय टीम में 90प्रतिशत खिलाड़ियों का चयन नर्मदापुरम विकासखंड से हुआ है,जो के सवाल के घेरे में आता है।सभी खिलाड़ियों का अशासकीय शालाओं से संबंध है,एक भी खिलाड़ी शासकीय शाला का नहीं है जो भारी अनियमितता की गवाही दे रहा है।

साथ ही टीम का चयन किस क्रिकेट ग्राउंड पर किन खेल प्रशिक्षकों ने किया यह भी जांच का विषय है? और शासकीय शिक्षण संस्थानों में अतिथि खेल शिक्षक होने के बावजूद बच्चे इतने विख्यात खेल से महरूम हो रहे हैं,इस पर जांच होना चाहिए।डॉ. कैथवास ने कहा कि क्रिकेट को रसुखदार और पॉलिटिकल अप्रोच वालों ने अपने कब्जे में किया हुआ है, जिसमें अच्छे प्रदर्शन करने वाले फ्लेयरों के भविष्य पर कालिक पोत रहे हैं। उत्कृष्ट खिलाड़ी वंचित रह जा रहे हैं जो काबिल हैं उनकी काबिलियत की कदर नहीं की जा रही है। हालाकि जिला क्रिकेट को लेकर समाजसेवी आनंद मिश्रा ने भी कई बार सवाल उठाए हैं

**इनका कहना है कि**

जिले के दो विकासखंड में सिवनीमालवा एवं नर्मदापुरम के खिलाडियों का चयन होना था. इस चयन प्रक्रिया में कोई भी भाई भतीजावाद नहीं हुआ है जो बच्चे खेल में रूचि रखते थे उन्हीं को आगे खेलने का मौका मिला है.

अर्पण दुबे, सदस्य, चयनकर्ता समिति

# कलेक्टर बुलाने कार्यकर्ता दंडवत



नवभारत न्यूज

**हरदा, 29 अक्टूबर** बुधवार को कांग्रेस ने किसानों की सात सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया। इस दौरान भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्टर से मिलने के लिए समय मांग रहे थे, जब कलेक्टर सिद्धार्थ जैन बाहर नहीं आए तो टिमरनी विधायक गेट पर चढ़कर अंदर घुस गए। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और पुलिस के बीच हल्की झड़प हो गई। कलेक्ट्रेट के अंदर कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी करते रहे। हरदा जिले के दोनों कांग्रेस विधायक अपने समर्थकों के साथ कलेक्टर परिसर में धरने पर बैठ गए और रघुपति राघव राजा राम का भजन गाने लगे। साथ ही कुछ कार्यकर्ता कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर को बुलाने के लिए दंडवत हो गये। स्थिति को शांत करने के लिए एडीएम पुरुषोत्तम कुमार और एएसपी अमित कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे और दोनों विधायकों से बातचीत की। प्रदर्शन में हरदा विधायक डॉ. आर. के. दोगने, टिमरनी विधायक अभिजीत शाह, किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान और कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई , पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पंवार, कैलाश सिरोही , गोविंद व्यास सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए। दो घंटे के बाद कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को कांग्रेसजनों ने ज्ञापन दिया।

यह थी मांगे - 1. जिले में लगातार बारिश के कारण किसानों की खरीफ सीजन की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है, इस स्थिति को देखते हुए हरदा जिले को प्राकृतिक आपदा ग्रस्त जिला घोषित किया जावे। 2. किसानों को तत्काल सोयाबीन, मक्का सहित अन्य फसलों की नुकसानी की राहत राशि 30 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर दी जाए एवं बीमा लाभ दिया जाए। 3. किसानों की सोयाबीन एवं मक्का समर्थन मूल्य पर खरीदी जाए। 4. किसानों को मंडी में बेची गई उपज का नगद भुगतान किया जाए। 5. इस वर्ष अत्यधिक बारिश से किसानों की फसलें पूरी बर्बाद हो गई है, केवल 10 से 50 किलो एकड़ सोयाबीन निकली है, एसी स्थिति में बिजली वसूली एवं बैंक वसूली रोकी जाऐ, ताकि किसान आगामी रबी सीजन की बोनी कर सके आदि.

जिले के किसानों की परिस्थितियों को देखते हुए उक्त मांगों का शीघ्र निराकरण किया जाये, अन्यथा कांग्रेस संगठन किसानों के साथ उग्र आन्दोलन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से शासन एवं प्रशासन की होगी।

## नपा ने शिकायत पर की त्वरित कार्रवाई

**नर्मदापुरम.** नगरपालिका द्वारा नागरिकों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को स्थानीय नागरिक की शिकायत पर वार्ड नंबर 11 के निवासी विनोद केवट द्वारा शासकीय संपत्ति पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। संपत्ति कर तथा जल कर भी जमा नहीं किए गए हैं। अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

## अस्सी साल से दंडवती नर्मदा परिक्रमा पर बालब्रम्हचारी

नवभारत न्यूज

**बनखेड़ी, 29 अक्टूबर** ग्वालियर के मूल निवासी बालब्रह्मचारी बालकदास महाराज बीते 8 वर्षों से दंडवती नर्मदा परिक्रमा पर हैं। उन्होंने यह कठिन तप 2017 में ओंकारेश्वर से प्रारंभ किया था। आज वे दंडवत करते हुए नर्मदापुरम जिले की सीमा में पहुँचे, जहाँ ग्राम माल्हनवाड़ा में ग्रामीणों ने उनका भावपूर्ण स्वागत किया। महाराज जी ने बताया कि वे अब तक निरंतर दंडवत परिक्रमा करते हुए अनेक जिलों की यात्रा कर चुके हैं और इस दौरान उन्होंने केवल फलाहार ही ग्रहण किया है। वे पिछले 24 वर्षों से फलाहारी जीवन का पालन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने दर्शन कर अपने आपको धन्य महसूस किया और नर्मदा माँ के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।



## मुख्यमंत्री योजना में 80 जोड़ों का होगा निकाह

**इटारसी.** अंजुमन मुफ़िदुल इस्लाम कमेटी और ताज़ मुस्लिम वेल्फेयर नौजवान कमेटी नर्मदापुरम के सौजन्य से आयोजक नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 15वा निशुल्क इज्तेमाई निकाह सम्मेलन स्थानीय श्रीकुंज गार्डन मे 1 नवंबर को आयोजित होने जा रहा है जिसमे 80 जोड़ो का निकाह मुकम्मल होगा कमेटी के जब्बार खान और फैज़ान उल हक़ ने बताया कि इस निकाह सम्मेलन मे क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधि , सांसद, विधायक, एवं अधिकारी उपस्तिथ रहेंगे.

## सर्वब्राम्हण समाज ने भगवान को लगाया 56 भोग

नवभारत न्यूज

**हरदा, 29 अक्टूबर** सर्व ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा सीताराम मैरिज गार्डन में अन्नकूट उत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ब्रह्मचारी बाबा नेमावर, एडिशनल एसपी अमित कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।वहीं थाना प्रभारी आरएस तिवारी, संरक्षक प्रकाशचंद्र वशिष्ठ, चंद्रकांत शुक्ला, कार्यकारी अध्यक्ष पंडित ओमप्रकाश पुरोहित मंचासीन रहे। इस दौरान जबलपुर की गायिका मोनिका एवं गायक सुदीप मिश्रा के द्वारा दी गई प्रस्तुति पर श्रोता जमकर थिरके,वहीं जय परशुराम के नारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने व्यक्त किया, संचालन दीपक शुक्ला ने किया। अंत में आभार कार्यक्रम प्रभारी प्रशांत शर्मा ने व्यक्त किया।इस दौरान कोषाध्यक्ष गजानंद डाले, उपाध्यक्ष रोहित तिवारी, संयोजक नितेश बादर, महामंत्री लोकेश शर्मा एवं उत्तम तेनगुरिया, मीडिया प्रभारी अखिलेश पाराशर, महिला इकाई अध्यक्ष विनीता राजोरिया, सचिव अदिति गुरु, आदि उपस्थित रहे।




## सड़क किनारे मिला युवक का शव

**माखननगर** - नसीराबाद रोड पर समोन ग्राम के पास सड़क किनारे युवक का शव मिला। सूचना मिलने पर थाना माखन नगर थाना प्रभारी, एसडीओपी संजू चौहान घटना स्थल पर पहुंचे। नर्मदापुरम से आई एफएसएल टीम द्वारा शव एवं घटना स्थल से सेंपल एकत्रित किए। थाना प्रभारी मदन पवार ने बताया कि मृतक की पहचान अरुण पिता हुकुम सिंह यादव निवासी ग्राम समोन की होना बताया वहीं बताया कि मृत्यु का कारण एफएसएल जांच के परिणाम आने के उपरांत ही स्पष्ट हो पाएगा।

## ओलंपिक को लक्ष्य बनाकर करें मेहनत -सिंह

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 29 अक्टूबर** खेल व्यक्ति के जीवन में अनुशासन, मेहनत और आत्म विश्वास का निर्माण करते हैं। युवा वर्ग को ओलंपिक खेलों को लक्ष्य बनाकर निरंतर अभ्यास और मेहनत करनी चाहिए।

सफलता उन्हीं को मिलती है जो हार मानना नहीं जानते। यह बात सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने शासकीय कुसुम महाविद्यालय खेल मैदान में सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ पर कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खिलाड़ियों के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य गांव-गांव से प्रतिभाओं को आगे लाना है। सिवनी मालवा शासकीय कुसुम महाविद्यालय खेल मैदान में सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम निर्धारित समय से करीब 1 घंटे की देरी से शुरू हुआ। इस दौरान मैदान में मौजूद स्कूली छात्र-छात्राएं तेज धूप में इंतजार करते रहे जिससे उनमें नाराजगी भी देखने को मिली। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होना था परन्तु सांसद एक घंटे लेट कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। मैदान में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थी अपनी-अपनी टीमों के साथ खेल शुरू होने की प्रतीक्षा करते रहे। आयोजकों ने भी सांसद के आगमन से पूर्व किसी भी गतिविधि की शुरुआत नहीं की जिसके कारण बच्चों को धूप में खड़ा रहना पड़ा। सांसद के पहुंचने के बाद उन्होंने दीप प्रज्वलन कर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सांसद के उद्बोधन के दौरान कई छात्र-छात्राएं मैदान छोड़कर जाते नजर आए।

## रग्बी प्रतियोगिता में बालिका टीम को गोल्ड

**पिपरिया** मप्र रग्बी फुटबाल संघ द्वारा 3 दिवसीय सबजूनियर राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित हुई जिसमें नर्मदापुरम के बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। राजधानी भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय रग्बी प्रतियोगिता को लेकर जिला नर्मदापुरम रग्बी संघ के सचिव सचिन पुर्विया ने जानकारी देते हुए बताया कि फाइनल मुकाबले में नर्मदापुरम की बालिका टीम ने रतलाम को 05-00 से हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दो किशोरियां हुईं शिविर में पुरस्कृत

**पिपरिया** अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन अंतर्गत संचार सिद्धाबाल एवं किशोरी समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर किशोरियों के लिये आवासीय शिविर संगमनेर में अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड,महामंत्री ज्योति राठी,संयुक्त मंत्री अनिता जावंधिया,प्रदेशाध्यक्ष रंजना बाहेती,प्रदेश सचिव राजश्री राठी के नेतृत्व में पिपरिया क्षेत्र की किशोरियां आवासीय शिविर में शामिल हुई। इस अवसर पर चतुर्थ दिवस खुशबू नाहर को बेस्ट एकरिंग में ,सुहाना मोहता को कार्यक्रम के व्यूज प्रस्तुत करने में पुरस्कृत किया गया।

### सरिता माहेश्वरी हुईं पुरस्कृत

**पिपरिया** राष्ट्रीय ज्ञानसिद्धा साहित्यिक समिति की वर्तमान सत्र की पंचम लेखन प्रतियोगिता देश भक्ति गीत में बनखेडी की समाजसेवी घनश्याम डागरा की पुत्री सरिता माहेश्वरी राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान पर आई। राष्ट्रीय ज्ञानसिद्धा सहित्यिक समिति की पंचम लेखन प्रतियोगिता देशभक्ति गीत में सरिता माहेश्वरी इंदौर ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर पिपरिया व इंदौर का गौरव बढाया।

### नरवाई नहीं जलाने जागरुकता अभियान चलाया

**पिपरिया** नरवाई नही जलाने को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। खापरखेडा में कृषि विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें किसानो को बताया गया कि नरवाई जलाना प्रतिबंधित है। इसका उल्लंघन करने पर कानूनी कार्यवाही की जावेगी। नरवाई जलाने के दुष्प्रभावो से भी अवगत कराते हुए बताया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वकता घटती है। इस दौरान एसडीसम आकि पखान,नायब तहसीलदार मनोज नामदेव,वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी निराली आर्य,सरपंच सुलभ गोयदानी,पटवारी राहुल वारिवा,सचिव प्रदीप पांडे सहित किसान उपस्थित रहे।

### सीताराम मंदिर में अन्नकूट उत्सव का आयोजन

**सिवनी मालवा** नगर के सीताराम मंदिर में अन्नकूट उत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर को फूलों एवं विधुत रोशनी से सजाया गया। मन्दिर पुजारी पंडित श्याम किशोर चतुर्वेदी के द्वारा मन्दिर में स्थापित भगवान श्रीराम लक्ष्मण जानकी को पोशाक पहना मनमोहक आलोकिक अद्भुत श्रृंगार किया गया। मंदिर में रंगोली से गोवर्धन नाथ जी एवं वेंकटेश बालाजी के सुन्दर चित्र बना सजाया गया। भगवान को छप्पन भोग लगाया पश्चात पंडित श्याम किशोर चतुर्वेदी ने गाजे बाजे के साथ महाआरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया। अन्नकूट के अवसर पर मंदिर में जमकर आतिशबाजी की। मन्दिर में अन्नकूट उत्सव पर भजन गायक अभिषेक मालवीय, नितेश मालवीय सोनू और साथियों के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। मनमोहक भजन सजाओ घर को गुलशन सा.. केसरी के लाल.. जो मारा श्याम धनी जैसे सुंदर भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बडी संख्या में महिला पुरूष एवं बच्चों ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की।

## आत्महत्या नहीं सरकार की नाकामी का परिणाम.....

**सिवनी मालवा** सिवनी मालवा विधानसभा के ग्राम मोरघाट में मृतक किसान के परिजनों से मिलने किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी पहुंचे और कर्ज से परेशान आत्महत्या करने वाले किसान स्व विकास यादव के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। मृतक के परिजनों ने बताया 23 वर्षीय विकास यादव 22 अक्टूबर 2025 को अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी उनकी मक्का की पूरी फसल खराब हो गई थी। उन पर करीब 5 लाख रुपए का केसीसी कर्ज था जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई थी। मृतक किसान के परिजनों से मिलने पहुंचे किसान कांग्रेस अध्यक्ष.

# तीन दिनों के लिये नर्मदा नदी पुल बंद, सभी वाहनों पर रोक

**मप्र.सेतु निगम के सूत्रों के अनुसार नर्मदा पुल का अधिकांश कार्य पूर्ण हो कर अन्तिम चरण में चल रहा है।**

नव भारत न्यूज

**हण्डिया 29 अक्टूबर** हरदा देवास जिले कि सीमाओं को जोड़ने बाला नर्मदा नदी का पुराना (ब्रीज)पुल पिछले 2 माह से मरम्मत कार्य के चलते यात्री बसों एवं भारी वाहनों की आवाजाही के चलते पूर्ण रूप से बंद है। मप्र.सेतु निगम के सूत्रों के अनुसार नर्मदा पुल का अधिकांश कार्य पूर्ण हो कर अन्तिम चरण में चल रहा है। अभी दो पहिया वाहन मोटर साइकिल कि आवाजाही पर कोई रोक नहीं लगाई गई थी। मगर आज गुरूवार से सभी छोटे बड़े वाहनों के आवागमन पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी। उक्त जानकारी विभाग के सूत्रों ने देते हुए बताया है कि नर्मदा पुल के ऊपर पुराने डामर निकालने व पुल पुराने टी.गार्ड बदलने तथा नये बेरिंग,रैंलिग कि मरम्मत,आदि कार्य किया जा रहा है। इसके पूर्ण होने के पशचात डामरीकरण का कार्य भी अतिशीघ्र किया जायेगा। डामरीकरण करने के बाद पुन: नर्मदा पुल के ऊपर से भारी वाहनों व यात्री बसों का संचालन आरंभ किया जायेगा।

## हैहयवंशीय कसेरा ताम्रकार समाज ने सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की जयंती मनाई



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 29 अक्टूबर** हैहयवंशीय कसेरा ताम्रकार समाज नर्मदापुरम द्वारा श्री राजराजेश्वर महाराज सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कसेरा समाज के मनोज जराठे ने बताया कि कार्यक्रम श्री दुर्गा जी मंदिर,श्री बजरंग व श्री शंकर मंदिर ट्रस्ट कसेरा समाज की धर्मशाला मोरछली चौक पर हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रात: 9.00 बजे श्री सहस्त्रबाहु महाराज की पूजन अर्चन से हुआ। दोपहर 11.00 बजे भगवान की भव्य शोभायात्रा मोरछली चौक से निकाली गई। जो शहर के सराफा चौक, हलवाई चौक, सतरस्ता, इंदिरा चौक होते हुए सामाजिक धर्मशाला पहुंची । उसके पश्चात सायंकाल 5 बजे से 5 से 12 वर्ष तक के नन्हे मुन्ने बच्चों की विभिन्न स्पर्धाएं हुई।

## पीएम आवास मेले में 45 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र

**हरदा** नगरपालिका परिषद हरदा द्वारा बुधवार को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के सभा कक्ष में अंगीकार अभियान 2025 के तहत पीएम आवास मेला (शहरी) का आयोजन किया गया। मेले में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती राजू कमेडिया, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष नितेश बादर एवं पार्षद श्रीमती मीरा कैलाश कुचबन्दिया की गरिमामयी उपस्थिति में पीएम आवास योजना 2.0 के तहत तृतीय डीपीआर के 45 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये गए। मेले में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, शिविर भी आयोजित किये गए।

## गौसेवा करने से ही सभी सेवाओं का मिलता है लाभ

**खिरकिया** मथुरा राज्य के कुल गुरु शांडिल्य जी ने गोपाष्टमी के दिन भगवान कृष्ण को गौसेवा का करने का दिन तय किया था आज के दिन से भगवान कृष्ण ने गौमाता को जंगल लेजाकर चराने की शुरुआत की थी इसलिए आज की गोपाष्टमी सारे मुहूर्त का राजा मानी जाती है। आज ही के दिन सुरभि गौमाता ने गौअष्टमी को भगवान कृष्ण के गोपाल नाम से गोपाष्टमी का नाम दिया था, आज ही के दिन इंद्र ने भगवान कृष्ण की पूजा की थी और अपने अपराधो की क्षमा भी मांगी थी.

## नहर को फुल स्पीड चलाया जाए - कमिश्नर

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 29 अक्टूबर** सिवनी मालवा विधानसभा के ग्राम बघवाड़ा, बाबडिया भाऊ, पगढाल सहित अनेक ग्रामों में नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने सोमवार को पहुंच कर किसानों से आमने-सामने चर्चा की और किसानों से फसल क्षति नहर से सिंचाई की उपलब्धता खाद और यूरिया की उपलब्धता, स्कूल, आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति का फीडबैक लिया।

किसानों ने कमिश्नर श्री तिवारी को अवगत कराया की सोयाबीन की फसल बारिश के चलते पूर्णता नष्ट हो गई है। जमीन में नमी बनी हुई है। फसल क्षति का सर्वे हो चुका है। अत: फसल क्षति का मुआवजा उन्हें प्राथमिकता से दिया जाए।

किसानों ने अवगत कराया की नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगा हुआ है इसलिए नरवाई के उचित प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रों पर समुचित सब्सिडी दी जाए ताकि किसान कृषि यंत्रों को खरीद कर नरवाई का बेहतर प्रबंध कर सके। सभी गांव के किसानों ने यूरिया के संकट की जानकारी दी और मांग की कि उन्हें उनके गांव में यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए।

## सेंट जोसफ कान्वेंट स्कूल में बास्केटबॉल स्पर्धा का समापन

**गर्ल्स ग्रुप में प्रथम स्थान एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल इटारसी ने प्राप्त किया**




नवभारत न्यूज

**इटारसी, 29 अक्टूबर** आज दिनांक 29 अक्टूबर को प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच खेले गए जिसमें बॉयज ग्रुप से सेंट जोसेफ कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल इटारसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं सेंट मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल इटारसी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं गर्ल्स ग्रुप में एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं सेंट जोसेफ कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में इटारसी के एसडीओपी श्री वीरेन्द्र मिश्रा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई साथ ही एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल के संचालक जसबीर छाबड़ा, जीनियस प्लानेट स्कूल के संचालक जाफर सिद्दीकी, सेंट मेरी स्कूल से फादर रोनाल्ड, व्यवसायी सुनील जैन एवं मेहरागांव ग्राम पंचायत के सरपंच जितेंद्र पटेल, सिस्टर मैनेजर एलिस, शाला प्राचार्य सिस्टर पुष्पा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन एवं अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की. छात्राओं ने कार्यक्रम के समापन के अवसर रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एसडीओपी महोदय ने छात्र जीवन में खेलों के महत्व को समझाया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की. कार्यक्रम के अंत में श्रीमान एसडीओपी एवं मेहरागांव पंचायत से श्री जीतेन्द्र पटेल के द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र वितरित किये.